કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ
(શ્રમ અને રોજગાર મંત્રાલય, ભારત સરકાર)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Email : ms-ankleshwar.gj@esic.nic.in

क.रा.बी.नि.
E.S.I.C

सत्यमेव जयते

ક.રા.બી.નિ હોસ્પિટલ, અંકલેશ્વર,
પ્લોટ નં.H3012, 500 ક્વાટર પાસે,
અંકલેશ્વર, જિ. ભરૂચ
क.रा.बी. निगम अस्पताल, प्लाट स. H3012,
500 क्वाटर के पास, अकलेश्वर, जो.भरूच
ESIC Hospital, Plot No. H3012, Nr. 500 Quarters, Ankleshwar, Dist. Bharuch
Website : www.esic.gov.in

क. रा. बी. निगम अस्पताल अंकलेश्वर

क. रा. बी. निगम 75वां स्थापना दिवस – विशेष सेवा पखवाड़ा

रिपोर्ट दिनांक : 05/03/2026 (गुरुवार)

1. बीमित श्रमिकों/आश्रितों हेतु "सुविधा समागम" कार्यक्रम का आयोजन
स्थान: ओपीडी कक्ष, क. रा. बी. निगम अस्पताल अंकलेश्वर

दिनांक 05/03/2026 को कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर के ओपीडी कक्ष में बीमित व्यक्तियों (IP) एवं उनके आश्रितों के लिए "सुविधा समागम" कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन डॉ. आर्केश शाह, चिकित्सा अधीक्षक प्रभारी के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. आर्केश शाह, चिकित्सा अधीक्षक प्रभारी; डॉ. अर्पणा वासवा, फिजीशियन; डॉ गीतांजलि परमार, नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉ आरती पांचाल, दंत रोग विशेषज्ञ; श्री विनोद कुमार, सहायक निदेशक; श्री उपेंद्र उपाध्याय, कार्यालय अधीक्षक; श्री सुरेश वेलारी, अस्पताल प्रबंधक तथा बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बीमित श्रमिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं/शिकायतों का प्रभावी निराकरण करना, ईएसआईसी की चिकित्सा एवं नगद लाभ योजनाओं के संबंध में जागरूकता बढ़ाना तथा लाभार्थियों और अधिकारियों के मध्य प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना था।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी समस्याएं, सुझाव एवं अनुभव साझा किए। डॉ. आर्केश शाह एवं उपस्थित अन्य चिकित्सकों एवं अधिकारियों द्वारा ईएसआईसी की विभिन्न सेवाओं, जैसे चिकित्सा सुविधाएं, रेफरल सेवाएं, नगद लाभ तथा ऑनलाइन सेवाओं आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं/शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु अस्पताल प्रशासन द्वारा पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। अधिकांश लाभार्थियों ने अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया।

2. आंतरिक (संस्थान में) स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन:

स्थान: अस्पताल परिसर, ओपीडी, क.रा. बी. निगम अस्पताल,अंकलेश्वर (दिनांक 05/03/2026)

विशेष सेवा पखवाड़े के दौरान 40 वर्ष से अधिक आयु के बीमित व्यक्तियों (IP) के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है।

WAITING LOUNGE
सुविधा समागम
(हर माह के दूसरे बुधवार)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल
अंकलेश्वर
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
स्थापना दिवस

IP
VIP
सुविधा समागम
(हर माह के दूसरे बुधवार)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल
अंकलेश्वर

acer

acer